# **Press Note**

## राष्ट्रीय साधन सह पात्रता छात्रवृत्ति परीक्षा 2026-27

## ( National Means-cum-Merit Scholarship Exam) 2026-27

**क्रमांक- SCERT/परीक्षा/2026/1251** **दिनांक- 22/09/2026**

**Online आवेदन भरने की प्रारंभ तिथि** **24 सितम्बर 2026**

**Online आवेदन भरने की अंतिम तिथि** **24 अक्तूबर 2026**

**National Means-cum-Merit Scholarship Exam date**

**(राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा तिथि)** **29 नवम्बर 2026**

**National Means-cum-Merit Scholarship Scheme (NMMSS)**: - राष्ट्रीय साधन-सह- पात्रता छात्रवृत्ति योजना शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के द्वारा चलायी जा रही है, जिसका उद्देश्य सरकारी/ अनुदान प्राप्त विद्यालयों में पढने वाले प्रतिभाशाली गरीब बच्चों का चयन कर उनका शैक्षिक विकास करना है। हरियाणा राज्य में इस योजना के अंतर्गत कुल 2337 पात्र विद्यार्थियों का चयन करने हेतु प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया जाता है।

**छात्रवृत्ति – ₹ 1000** प्रति माह कक्षा **IX**, **X**, **XI** व **XII** के लिए।

**राष्ट्रीय साधन-सह- पात्रता छात्रवृत्ति परीक्षा के नियम व शर्तें:-**

1. इस परीक्षा में बैठने हेतु विद्यार्थी राज्य के सरकारी/ अनुदान प्राप्त विद्यालयों में कक्षा आठवी में पढ रहे हो।
2. उन्होंने सातवीं कक्षा किसी सरकारी/ अनुदान प्राप्त विद्यालय से पिछले सत्र में पास की हो।
3. परीक्षार्थी के माता-पिता की सभी स्त्रोतों से कुल वार्षिक आय ₹ 3,50,000 से कम हो।
4. इस परीक्षा में जिला स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को जिले के कोटे के अनुसार छात्रवृत्ति दी जाएगी। उपरोक्त परीक्षा में BC-A वर्ग को 16%, BC-B वर्ग को 11%, SC वर्ग को 20% तथा दिव्यांग वर्ग को 3% आरक्षण दिया गया है। शेष सामान्य वर्ग के लिए हैं। आरक्षित वर्ग से आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र की छायाप्रति Online आवेदन के साथ ही अपलोड करनी होगी।
5. विद्यार्थी का नाम व जन्म तिथि आधार कार्ड के रिकॉर्ड अनुसार तथा आरक्षित श्रेणी प्रमाण-पत्र में दी गयी जानकारी विद्यालय रिकॉर्ड के अनुसार ही हो।

**परीक्षा हेतु Online आवेदन हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट WWW.BSEH.ORG.IN तथा SCERT Haryana की वेबसाइट scertharyana.gov.in पर कर सकते हैं।**

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:- 0124-4066243 या NMMSHELPLINE@GMAIL.COM

विस्तृत जानकारी के लिए विवरण पुस्तिका (Prospectus) भी उपरोक्त दोनों वेबसाइट पर उपलब्ध है।

हस्ता/-<br>निदेशक<br>एस० सी०ई०आर०टी०<br>गुरुग्राम